दिन– सोमवार दिनांक– 09/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से देश ने पिछले ग्यारह वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखे हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने गति, पैमाने और संवेदनशीलता के साथ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। श्री मोदी ने कहा कि इस दौरान आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक समावेशी और सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आज न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत आशा, विश्वास और विकसित भारत के निर्माण के लिए नए संकल्प के साथ आगे बढ रहा है।

————————————————————

भारत सरकार के नागरिक सहभागिता मंच माई जी ओ वी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के ग्यारह साल पूरे होने पर प्रतियोगिता की एक विशेष श्रृंखला का आयोजन किया है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के परिवर्तनकारी विकास यात्रा पर लोग बदलता भारत मेरा अनुभव – ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। यह ब्लॉग गरीबों और वंचित लोगों की सेवा, किसान कल्याण, नारी शक्ति और भारत की अमृत–पीढ़ी को सशक्त बनाने जैसे विषयों पर एक हजार से डेढ हजार शब्दों में अंग्रेजी और हिंदी में लिखे जा सकते हैं। इसके अलावा, बदलता भारत मेरा अनुभव पर एक मिनी ब्लॉग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है जिसमें नागरिक अपने आसपास दिख रहे प्रभावशाली परिवर्तन पर दो मिनट का ब्लॉग दाखिल कर इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। भारत के बढ़ते कदम – एक जनभागीदारी– फोटो प्रतियोगिता में लोग ऐसी तस्वीरें साझा कर सकते हैं जो राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने वाली किसी भी जनभागीदारी पहल में उनकी भागीदारी दिखाती हो। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अंतिम तिथि इस महीने की बीस तारीख है।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के बख्तियारपुर में सीढ़ी घाट के नजदीक गंगा चैनल के दाएं घाट पर सुरक्षात्मक और कटाव निरोधक कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से बाकी बचे काम को बरसात से पहले पूरा करने का निर्देश दिया।

———————————————————

आज भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पच्चीसवीं पुण्यतिथि है। उन्हें धरती आबा के नाम से भी जाना जाता है। बिरसा मुंडा ने शोषणकारी औपनिवेशिक व्यवस्था के खिलाफ़ आंदोलन का नेतृत्व किया और आदिवासी समुदायों के अधिकारों और सम्मान के लिए लड़ाई लड़ी थी।

———————————————————

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम और न्यूनतम तापमान में एक से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। राजधानी पटना समेत कई जगहों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। पिछले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज और डेहरी राज्य के सबसे गर्म स्थान रहे। यहां का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इधर, आज गोपालगंज में लू की स्थिति बनी हुई है। वहीं, राज्य के उत्तर–मध्य, उत्तर–पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों में कई जगहों पर गर्म दिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। इसके बाद तापमान में गिरावट आयेगी।

———————————————————

राजगीर के रत्नागिरी पहाड़ के जंगली इलाके में फंसे दो विदेशी पर्यटकों को सकुशल निकाल किया गया है। डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि ये दोनों पर्यटक बौद्ध सर्किट के भ्रमण पर निकले थे और भटककर जंगली इलाकों में चले गये थे। विदेशी पर्यटकों में एक बेनेजुएला और दूसरा आयरलैंड का नागरिक  है।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।